الهندية
हिन्दी

مترجم لعدة لغات

صحيح الدعاء والثناء على الله تعالى

सहीह दुआएँ
और सर्वशक्तिमान अल्लाह की प्रशंसा

डॉ. अब्दुल्लाह बिन हमूद अल-फ़ुरैह़

د. عبدالله بن حمود الفريح

- दुआ के शिष्टाचार
- सर्वशक्तिमान अल्लाह की प्रशंसा एवं स्तुति
- क़ुरआन की दुआएँ
- नमाज़ की दुआएँ
- नबवी दुआएँ
- अल्लाह का शरण लेने की नबवी दुआएँ
- रुक़्या (झाड़-फूँक) की दुआएँ
- सुबह और शाम की दुआएँ

प्रत्येक विषय पर क्लिक करें
उससे संबंधित अज़कार एवं दुआओं पर
जाने के लिए

doa.eqtidaa.com

بسم الله الرحمن الرحيم

प्राक्कथन

हर प्रकार की प्रशंसा और स्तुति सर्व संसार के पालनहार अल्लाह के लिए योग्य है। अल्लाह की दया एवं शांति अवतिरत हो उसके सम्मानित रसूल, तथा आपके परिवार और सभी साथियो पर। यह एक अच्छी किताब है, जिसमें कई तरह की व्यापक दुआएँ (अल्लाह सर्वशक्तिमान की प्रशंसा, क़ुरआन की दुआएँ, नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की दुआएँ, अल्लाह का शरण लेने की नबवी दुआएँ, शरई रुक़्या (दम, झाड़-फूँक) तथा सुबह और शाम की दुआएँ) और साथ ही दुआ के शिष्टाचार का उल्लेख है। मैंने केवल प्रमाणित दुआओं का चयन करने का

ख्याल रखा है; ताकि मुसलमान उसी तरह दुआ करने का प्रयास करे जैसे किताब और सुन्नत में वर्णित है, जिन दुआओं में ढेर सारी भलाइयाँ समाहित हैं। प्रत्येक दुआ को अरबी भाषा में लिखा गया है और (हिंदी भाषा) में उसका अनुवाद और उच्चारण लिखा गया है। मैंने दुआओं की हदीसों की प्रामाणिकता के हवालों (संदर्भ) का उल्लेख किताब के अंत में किया है। मैं अल्लाह सर्वशक्तिमान से प्रार्थना करता हूँ कि इस कार्य को अपने लिए ख़ालिस बनाए। तथा अल्लाह, हमारे नबी मुहम्मद और आपके परिवार और सभी साथियों पर दया और शांति अवतरित करे।

डॉ. अब्दुल्लाह बिन हमूद अल-फ़ुरैह़

दुआओं से पहले

- ऐ मुसलमान! तू अपने पालनहार का मुहताज है ... उस महिमावान् के साथ बेनियाज़ है।
- आपको कुछ परंपरागत दुआएँ समर्पित हैं ... अपने दिल के साथ उनके लिए तैयार हो जाएँ ...
- ये हर भलाई के लिए समावेशी दुआएँ हैं
- इनमें से जितना हो सके आप याद कर लें
- चुनाँचे कितनी दुआएँ हैं, जो आपकी हर जरूरत के लिए पर्याप्त हैं
- क्योंकि इन दुआओं के शब्द थोड़े, अर्थ व्यापक हैं
- इनके साथ आपके लिए केवल आपके दिल की उपस्थिति और अपने पालनहार के प्रति समर्पण की कमी है ...

दुआ के शिष्टाचार

पहला : दुआ करने वाले को चाहिए कि विशुद्ध रूप से अल्लाह सर्वशक्तिमान से दुआ करे और निश्चित रूप से यह जान ले कि एकमात्र अल्लाह ही उसकी दुआ को स्वीकार करने में सक्षम है। इसलिए वह अल्लाह सर्वशक्तिमान के अलावा किसी अन्य से दुआ न करे और उसके अलावा किसी और का वसीला न पकड़े, चाहे वह कोई नबी, या कोई सदाचारी, या फ़रिश्ता, या नेक बंदा, या कोई भी हो। अल्लाह तआला ने फरमाया :

﴿فَٱدۡعُواْ ٱللَّهَ مُخۡلِصِينَ لَهُ ٱلدِّينَ﴾ [غافر: ١٤]

"अतः तुम अल्लाह को, उसके लिए धर्म को विशुद्ध करते हुए पुकारो।" [सूरत गाफ़िर : 14]

दूसरा : आपको यह याद रखना चाहिए कि आपका दुआ में व्यस्त होना अपने आप में एक महान उपासना है, जिससे सर्वशक्तिमान अल्लाह प्यार करता है, तथा दुआ के क़बूल होने से क़त-ए-नज़र, आपको उसपर सवाब मिलेगा।

तीसरा : आपको अल्लाह पर भरोसा रखना चाहिए और यह कि वह आपकी दुआ को कबूल करने में सक्षम है, और यह कि आपको किसी ऐसे प्राणी की निकटता तलाशने की आवश्यकता नहीं है जो आपको अल्लाह तआला से निकट कर दे, और इसी तरह की अन्य बिदअतें (नवाचार), जिनके कारण मुसलमान अवैध वसीला पकड़ने का शिकार बन सकता है।

चौथा : अल्लाह सर्वशक्तिमान आपके

पश्चाताप करने और उसकी ओर ध्यानमग्न होने से ख़ुश होता है, चाहे आप अपने पापों के कारण कितना ही दूर क्यों न हों। इसलिए आप इस बात से सावधान रहें कि आपके मन में दुआ की स्वीकृति के असंभव होने या उसकी दया से निराश होने की बात आए। बल्कि आप इस बात को अपने सामने रखें कि वह आपकी तौबा से तथा आपके उसकी ओर मुतवज्जेह होने से ख़ुश होता है। आप उसके इस कथन को समाने रखें :

﴿إِنَّ ٱللَّهَ يَغۡفِرُ ٱلذُّنُوبَ جَمِيعًاۚ﴾ [زمر: ٥٣]

"निःसंदेह अल्लाह सभी पापों को क्षमा कर देता है।" तथा इस फरमान को :

﴿وَإِذَا سَأَلَكَ عِبَادِي عَنِّي فَإِنِّي قَرِيبٌۖ أُجِيبُ دَعۡوَةَ ٱلدَّاعِ إِذَا دَعَانِۖ﴾ [بقره: ١٨٦]

"और जब मेरे बंदे आपसे मेरे बारे में पूछें, तो

निःसंदेह मैं क़रीब हूँ, मैं पुकारने वाले की दुआ क़बूल करता हूँ, जब वह मुझे पुकारता है।"

पाँचवाँ : दुआ करने वाले का खाना-पीना ह़राम कमाई से नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह दुआ क़बूल होने की बाधाओं में से है। इसलिए कि अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु की हदीस है कि : "अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने ऐसे आदमी का उल्लेख किया जो लंबी यात्रा करता है, इस हाल में कि उसके सिर के बाल बिखरे हुए और कपड़े धूल भरे होते हैं, फिर वह अपने हाथों को आसमान की ओर उठाकर कहता है :

«الرَّجُلَ يُطِيلُ السَّفَرَ أَشْعَثَ أَغْبَرَ، يَمُدُّ يَدَيْهِ إِلَى السَّمَاءِ، يَا رَبِّ، يَا رَبِّ، وَمَطْعَمُهُ حَرَامٌ، وَمَشْرَبُهُ حَرَامٌ، وَمَلْبَسُهُ حَرَامٌ، وَغُذِيَ بِالْحَرَامِ، فَأَنَّى يُسْتَجَابُ لِذَلِكَ؟»:

ऐ मेरे पालनहार! ऐ मेरे पालनहार! हालाँकि

उसका खाना हराम है, उसका पीना हराम है और उसके कपड़े हराम हैं, और उसका पोषण हराम से हुआ है। तो फिर उसकी दुआ कैसे क़बूल हो सकती है।” इसे मुस्लिम (हदीस संख्या : 1015) ने रिवायत किया है।)

छठा : दुआ करने वाले को दुआ के शिष्टाचार और सुन्नतों का पालन करना चाहिए, जो निम्नलिखित हैं :

1. वह पवित्रता की स्थिति में दुआ करे, चुनाँचे जिस तरह वह नमाज़ के लिए वुज़ू करता है, उसी तरह वुज़ करे।

इसका प्रमाण सहीह बुखारी व सहीह मुस्लिम में अबू मूसा रज़ियल्लाहु अन्हु की हदीस है, जिसमें उनकी अपने चाचा अबू आमिर रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ की एक

घटना का उल्लेख है। उस हदीस में है कि अबू आमिर ने अबू मूसा को वसीयत की, कि वह नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से उनके लिए दुआ करने का अनुरोध करें। फिर अबू मूसा ने आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को इसके बारे में सूचित किया :

«اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِعُبَيْدٍ، أَبِي عَامِرٍ»

"तो अल्लाह के रसूल ने पानी मंगवाया और उससे वुज़ू किया। फिर अपने दोनों हाथ उठाए और कहा : "ऐ अल्लाह! उबैद अबू आमिर को क्षमा कर दे।" यहाँ तक कि मैंने आपके दोनों बग़लों (कांख) की सफेदी देखी, फिर आपने कहा :

«اللَّهُمَّ اجْعَلْهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَوْقَ كَثِيرٍ مِنْ خَلْقِكَ، أَوْ مِنَ النَّاسِ»:

"ऐ अल्लाह! उसे क़ियामत के दिन अपनी

बहुत-सी मख़्लूक़ या लोगों के ऊपर कर दे।" बुख़ारी (हदीस संख्या : 4323), मुस्लिम (हदीस संख्या : 2498).

2 वह क़िबला की ओर मुँह करे।

3 वह दोनों हाथों को उठाए।

इन दोनों सुन्नतों का प्रमाण अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हुमा की हदीस है, उन्होंने कहा : "मुझे उमर बिन अल-खत्ताब रज़ियल्लाहु अन्हु ने बताया : "जिस दिन बद्र की लड़ाई हुई, अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने मुश्रिकों को देखा कि वे एक हज़ार हैं, और आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के साथी तीन सौ उन्नीस हैं। तो अल्लाह के नबी ने क़िबला की ओर मुँह किया, फिर अपने दोनों हाथ फैलाए और अपने पालनहार को पुकारने लगे :

«اللَّهُمَّ أَنْجِزْ لِي مَا وَعَدْتَنِي، اللَّهُمَّ آتِ مَا وَعَدْتَنِي»:

"ऐ अल्लाह! उसे पूरा कर दे, जो तू ने मुझसे वादा किया है। ऐ अल्लाह! जो तूने मुझसे वादा किया है, उसे प्रदान कर दे.." इसे मुस्लिम (हदीस संख्या : 1763) ने रिवायत किया है।

4 वह अपनी दुआ की शुरुआत अल्लाह सर्वशक्तिमान की प्रशंसा और उसके रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर दुरूद के साथ करे। इसलिए कि अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के सहाबी फ़ज़ाला बिन उबैद की हदीस है, वह कहते हैं : अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने एक आदमी को अपनी नमाज़ में दुआ करते हुए सुना, उसने अल्लाह की महिमा का गान नहीं किया, और न ही

उसने नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर दुरूद भेजा। तो रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया : «عَجِلَ هَذَا»: –“इसने जल्दी की।” फिर आपने उसे बुलाया और उससे कहा :

«إِذَا صَلَّى أَحَدُكُمْ، فَلْيَبْدَأْ بِتَمْجِيدِ رَبِّهِ جَلَّ وَعَزَّ، وَالثَّنَاءِ عَلَيْهِ، ثُمَّ يُصَلِّي عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ، ثُمَّ يَدْعُو بَعْدُ بِمَا شَاءَ»:

“जब तुम में से कोई भी नमाज़ पढ़े (और दुआ करना चाहे) तो वह पहले अपने पालनहार का महिमामंडन और उसकी प्रशंसा करे, फिर वह नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर दुरूद भेजे, फिर उसके बाद जो चाहे दुआ माँगे।”

यदि वह अल्लाह की प्रशंसा से शुरू करे, विशेष रूप से अल्लाह की प्रशंसा पर आधारित

वे आयतें, जो सूरतों के प्रारंभ में होती हैं, जो आगे आएँगी, फिर वह नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर दुरूद भेजे, फिर वह कई प्रकार की स्तुति के साथ अल्लाह की प्रशंसा करे, जिनमें से कुछ का उल्लेख आगे किया जाएगा, तो वह दुआ क़बूल किए जाने के अधिक निकट होगी।

5 वह अल्लाह सर्वशक्तिमान से इस हाल में दुआ करे कि उसके प्रति अच्छी सोच रखने वाला हो और उसे दुआ के क़बूल होने का यक़ीन हो, तथा वह दुआ के क़बूल होने के लिए जल्दी न करे। बल्कि उसे पूर्ण विश्वास हो कि अल्लाह तआला उसकी दुआ को क़बूल करेगा। अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु से वर्णित, वह नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम

से रिवायत करते हैं कि आपने फरमाया :

«لَا يَزَالُ يُسْتَجَابُ لِلْعَبْدِ، مَا لَمْ يَدْعُ بِإِثْمٍ أَوْ قَطِيعَةِ رَحِمٍ، مَا لَمْ يَسْتَعْجِلْ»:

“बंदे की दुआ हमेशा क़बूल होती है, जब तक कि वह पाप या रिशता-नाता तोड़ने की दुआ न करे, जब तक कि वह जल्दी न करे।” पूछा गया : ऐ अल्लाह के रसूल जल्दी करने का क्या मतलब है? आपने फरमाया :

«يَقُولُ قَدْ دَعَوْتُ وَقَدْ دَعَوْتُ، فَلَمْ أَرَ يَسْتَجِيبُ لِي، فَيَسْتَحْسِرُ عِنْدَ ذَلِكَ وَيَدَعُ الدُّعَاءَ»:

“बंदे की दुआ हमेशा क़बूल होती है, जब तक कि वह पाप या रिशता-नाता तोड़ने की दुआ न करे, जब तक कि वह जल्दी न करे।” पूछा गया : ऐ अल्लाह के रसूल जल्दी करने का क्या मतलब है? आपने फरमाया : “वह कहता

है : मैंने दुआ की, और मैंने दुआ की। लेकिन मैं नहीं देखता कि वह क़बूल होती है। तो उस समय वह रुक जाता है और दुआ करना छोड़ देता है।" इसे मुस्लिम (2735) ने रिवायत किया है।

6 वह अल्लाह से उसके अच्छे नामों के साथ दुआ करे और उनके बीच इस तरह से विविधता लाए कि ऐसे नाम का चयन करे जो दुआ के अनुकूल हो। चुनाँचे यदि वह अल्लाह से जीविका का प्रश्न करे, तो कहे : "ऐ रज़्ज़ाक़ (जीविका प्रदान करने वाले)", यदि अल्लाह से दया का सवाल करे, तो कहे : "ऐ रहमान, ऐ रहीम (परम दयावान्, अत्यंत दया करने वाले), यदि अल्लाह से इज़्ज़त (प्रभुत्व, गौरव) का सवाल करे, तो कहे : "ऐ अज़ीज़" (प्रभुत्वशाली),

यदि अल्लाह से क्षमा माँगे, तो कहे : "ऐ ग़फ़ूर" (क्षमा करने वाले), और अगर शिफ़ा (आरोग्य) का प्रश्न करे, तो कहे : "ऐ शाफ़ी" (ऐ शिफा देने वाले)। इस प्रकार वह अल्लाह के ऐसे नाम के साथ दुआ करे जो उसकी दुआ के अनुकूल हो। क्योंकि अल्लाह सर्वशक्तिमान का फरमान है :

﴿وَلِلَّهِ ٱلۡأَسۡمَآءُ ٱلۡحُسۡنَىٰ فَٱدۡعُوهُ بِهَاۖ﴾ [الأعراف:١٨٠]

"और सबसे अच्छे नाम अल्लाह ही के हैं, अतः उसे उनके साथ पुकारो।" [अल-आराफ़ : 180]।

7 वह दुआ के शब्दों को दोहराए और अनुरोध में अल्लाह सर्वशक्तिमान से आग्रह करे। क्योंकि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के बद्र के युद्ध के अवसर पर अपने साथियों के लिए दुआ करने के संबंध में इब्ने अब्बास

रज़ियल्लाहु अन्हुमा की हदीस है कि आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने दुआ करते हुए कहा :

«اللَّهُمَّ أَنْجِزْ لِي مَا وَعَدْتَنِي، اللَّهُمَّ آتِ مَا وَعَدْتَنِي»:

"ऐ अल्लाह! उसे पूरा कर दे, जो तू ने मुझसे वादा किया है। ऐ अल्लाह! जो तूने मुझसे वादा किया है, उसे प्रदान कर दे।" आप निरंतर अपने पालनहार से दुआ करते रहे यहाँ तक कि आपकी चादर आपके मोंढे से गिर गई। तथा अबू बक्र रज़ियल्लाहु अन्हु आपसे लिपट कर कहने लगे : ऐ अल्लाह के नबी! आपका अपने पालनहार से दुआ करना काफी है।" इसे मुस्लिम (हदीस संख्या : 1763) ने रिवायत किया है।

इसी तरह, सहीह बुखारी व सहीह मुस्लिम में अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु की हदीस से वर्णित

है कि जब नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने दौस के लिए दुआ की, तो फरमाया :

«اللَّهُمَّ اهْدِ دَوْساً وائْتِ بهم، اللَّهُمَّ اهْدِ دَوْساً وائت بهم»:

"ऐ अल्लाह! दौस को (इस्लाम की) हिदायत दे और उन्हें (मदीना) लेकर आ। ऐ अल्लाह! दौस को (इस्लाम की) हिदायत दे और उन्हें (मदीना) लेकर आ।" इसे बुख़ारी (हदीस संख्या : 2937) और मुस्लिम (हदीस संख्या : 2524) ने रिवायत किया है।

8 वह अपनी दुआ को गुप्त रखे और उसे ज़ोर से न करे; क्योंकि अल्लाह सर्वशक्तिमान का फरमान है :

﴿ٱدۡعُواْ رَبَّكُمۡ تَضَرُّعٗا وَخُفۡيَةًۚ﴾ [الأعراف: ٥٥]

"अपने रब को गिड़गिड़ाकर और चुपके-

चुपके पुकारो।” [अल-आराफ : 55], और दुआ को गुप्त रखना इख़्लास के अधिक निकट है। इसी कारण अल्लाह तआला ने ज़करिया अलैहिस्सलाम की दुआ की इस तरह प्रशंसा की है :

﴿إِذْ نَادَىٰ رَبَّهُۥ نِدَآءً خَفِيًّا ٣﴾ [مريم: ٣]

“जब उसने अपने पालनहार को गुप्त रूप से पुकारा।” [मरियम : 3] तफ़्सीर के इमामों के कथनों में से एक के अनुसार, उन्होंने इख़्लास की ख़ातिर ऐसा किया था।

9 उसकी दुआ अल्लाह सर्वशक्तिमान की प्रशंसा और स्तुति पर आधारित होनी चाहिए। क्योंकि अल्लाह इस बात को पसंद करता है कि उसका बंदा उसकी प्रशंसा करे; ताकि वह उसकी स्तुति करके उसकी

उपासना करे, अन्यथा अल्लाह अपने बंदों से बेनियाज़ है। चुनाँचे सहीह बुख़ारी व सहीह मुस्लिम में इब्ने मसऊद रज़ियल्लाहु अन्हु की हदीस से वर्णित है कि आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया :

«وَلَا أَحَدٌ أَحَبَّ إِلَيْهِ الْمَدْحُ مِنَ اللهِ وَلِذَلِكَ مَدَحَ نَفْسَهُ»:

“अल्लाह से अधिक किसी को भी प्रशंसा पसंद नहीं है। इसीलिए उसने स्वयं की प्रशंसा की है।”

10 दुआ करने वाला दुआ के क़बूल होने के समयों को तलाश करे और उनमें अल्लाह तआला से दुआ करे।

हदीस में वर्णित दुआ के क़बूल होने के

स्थानों और समयों में से कुछ ये हैं : (अज़ान और इक़ामत के दरमियान दुआ करना - रात के अंतिम तिहाई में – जुमा के दिन की घड़ी में – फ़र्ज नमाज़ों के बाद - सजदों में – बारिश होते समय – मुसलमान का अपने भाई के लिए उसकी अनुपस्थिति में दुआ करना - पिता का अपनी संतान के लिए दुआ करना – मुसाफ़िर की दुआ – मज़लूम (उत्पीड़ित) की दुआ)

सर्वशक्तिमान अल्लाह की प्रशंसा एवं स्तुति

अगला

पहले पृष्ठ पर वापस जाएँ

﴿ٱلۡحَمۡدُ لِلَّهِ رَبِّ ٱلۡعَٰلَمِينَ ۝٢ ٱلرَّحۡمَٰنِ ٱلرَّحِيمِ ۝٣ مَٰلِكِ يَوۡمِ ٱلدِّينِ ۝٤﴾

[الفاتحة:٢-٤]

“सब प्रशंसा अल्लाह के लिए है, जो सर्व संसार का पालनहार है। असीम दयावान्, अत्यंत दयालु है। बदले के दिन का मालिक है।” [अल-फ़ातिहा : 2-4]

﴿ٱلۡحَمۡدُ لِلَّهِ فَاطِرِ ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلۡأَرۡضِ جَاعِلِ ٱلۡمَلَٰٓئِكَةِ رُسُلًا أُوْلِيٓ أَجۡنِحَةٖ مَّثۡنَىٰ وَثُلَٰثَ وَرُبَٰعَۚ يَزِيدُ فِي ٱلۡخَلۡقِ مَا يَشَآءُۚ إِنَّ ٱللَّهَ عَلَىٰ كُلِّ شَيۡءٖ قَدِيرٞ ١﴾ [فاطر:١]

“सब प्रशंसा अल्लाह के लिए है, जो आकाशों तथा धरती का पैदा करने वाला है, (और) दो-दो, तीन-तीन, चार-चार परों वाले फ़रिश्तों को संदेशवाहक बनाने वाला है। वह संरचना में जैसी चाहता है अभिवृद्धि करता है। निःसंदेह अल्लाह हर चीज़ का सामर्थ्य रखता है।” [फ़ातिर : 1]

﴿ٱلْحَمْدُ لِلَّهِ ٱلَّذِى خَلَقَ ٱلسَّمَٰوَٰتِ وَٱلْأَرْضَ وَجَعَلَ ٱلظُّلُمَٰتِ وَٱلنُّورَ﴾ [الأنعام:١]

“सब प्रशंसा अल्लाह के लिए है, जिसने आकाशों और धरती को पैदा किया तथा अँधेरों और प्रकाश को बनाया।” [अल-अनआम : 1]

﴿ٱلۡحَمۡدُ لِلَّهِ ٱلَّذِي لَهُۥ مَا فِي ٱلسَّمَٰوَٰتِ
وَمَا فِي ٱلۡأَرۡضِ وَلَهُ ٱلۡحَمۡدُ فِي ٱلۡأٓخِرَةِۚ وَهُوَ
ٱلۡحَكِيمُ ٱلۡخَبِيرُ ١﴾ [سبأ:١]

“हर प्रकार की प्रशंसा उस अल्लाह के लिए है, जिसके अधिकार में वह सब कुछ है जो आकाशों में है और जो धरती में है। और आख़िरत (परलोक) में भी उसी के लिए प्रशंसा है और वह पूर्ण हिकमत वाला, सबकी खबर रखने वाला है।” [सबा : 1]

1

«الْحَمْدُ لِلّٰهِ حَمْدًا كَثِيرًا طَيِّبًا مُبَارَكًا فِيهِ»

अल-हम्दुलिल्लाहि, हम्दन कसीरन तैयिबन मुबारकन फीह

“सब प्रशंसा अल्लाह के लिए है, बहुत अधिक, पवित्र और बरकत वाली प्रशंसा।”

2

«رَبَّنَا لَكَ الْحَمْدُ مِلْءُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ، وَمِلْءُ مَا شِئْتَ مِنْ شَيْءٍ بَعْدُ، أَهْلَ الثَّنَاءِ وَالْمَجْدِ، أَحَقُّ مَا قَالَ الْعَبْدُ، وَكُلُّنَا لَكَ عَبْدٌ: اللَّهُمَّ لَا مَانِعَ لِمَا أَعْطَيْتَ، وَلَا مُعْطِيَ لِمَا مَنَعْتَ، وَلَا يَنْفَعُ ذَا الْجَدِّ مِنْكَ الْجَدُّ»

“रब्बना लकल्-हम्दु, मिल्उस्-समावाति वल अर्ज़ि, व-मिल्ओ मा शेअ्ता मिन शैइन बअ्दु। अहलस्सनाए वल मज्दि, अहक़्क़ो मा क़ालल्-अब्दु, व कुल्लुना लका अब्दुन : अल्लाहुम्मा ला मानिआ लिमा आतैता वला मोअ्तिया लिमा मनअ्ता वला यन्फ़ओ ज़ल-जद्दि मिनकल जद्दो”

“ऐे हमारे रब! तेरे ही लिए सब प्रशंसा है आकाशों और धरती के बराबर, और जो कुछ तू इसके बाद चाहे, उसके बराबर। तू ही प्रशंसा और महिमा के योग्य है। सबसे सच्ची बात जो बंदे ने कही - और हम सब तेरे बंदे हैं - यह है : ऐे अल्लाह! जो तू दे, उसे कोई रोकने वाला नहीं और जो तू रोक ले, उसे कोई देने वाला नहीं, और किसी धनवान को उसका धन तेरे यहाँ कोई लाभ नहीं पहुँचा सकता।”

3

«اللَّهُمَّ لَكَ الْحَمْدُ كُلُّهُ، وَإِلَيْكَ يَرْجِعُ الْأَمْرُ كُلُّهُ»

अल्लाहुम्मा लकल-ह़म्दु कुल्लुहू, व इलैका यर्जेउल-अम्रो कुल्लुहू

“ऐ अल्लाह! सब प्रशंसा तेरे ही लिए है, और सारा मामला तेरी ही ओर लौटता है।”

4

«اللَّهُمَّ رَبَّنَا لَكَ الحَمْدُ أَنْتَ قَيِّمُ السَّمَوَاتِ
وَالأَرْضِ، وَلَكَ الحَمْدُ أَنْتَ رَبُّ السَّمَوَاتِ
وَالأَرْضِ وَمَنْ فِيهِنَّ، وَلَكَ الحَمْدُ أَنْتَ
نُورُ السَّمَوَاتِ وَالأَرْضِ وَمَنْ فِيهِنَّ، أَنْتَ
الحَقُّ، وَقَوْلُكَ الحَقُّ، وَوَعْدُكَ الحَقُّ، وَلِقَاؤُكَ
الحَقُّ، وَالجَنَّةُ حَقٌّ، وَالنَّارُ حَقٌّ، (وَالنَّبِيُّونَ
حَقٌّ، وَمُحَمَّدٌ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَقٌّ)
وَالسَّاعَةُ حَقٌّ، اللَّهُمَّ لَكَ أَسْلَمْتُ، وَبِكَ
آمَنْتُ، وَعَلَيْكَ تَوَكَّلْتُ، (وَإِلَيْكَ أَنَبْتُ)
وَإِلَيْكَ خَاصَمْتُ، وَبِكَ حَاكَمْتُ، فَاغْفِرْ
لِي مَا قَدَّمْتُ وَمَا أَخَّرْتُ، وَأَسْرَرْتُ

وَأَعْلَنْتُ، وَمَا أَنْتَ أَعْلَمُ بِهِ مِنِّي، (أَنْتَ الْمُقَدِّمُ، وَأَنْتَ الْمُؤَخِّرُ) لاَ إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ»

"अल्लाहुम्मा लकल ह़म्दु, अन्ता क़य्यिमुस-समावाति वल-अर्ज़ि, व लकल ह़म्दु अन्ता रब्बुस-समावाति वल-अर्ज़ि व मन् फीहिन्ना, व लकल ह़म्दु अन्ता नुरुस-समावाति वल-अर्ज़ि व मन फीहिन्ना, अन्तल-हक्कु, व क़ौलुका हक्कु, व वा'दुकल- हक्कु, व लिक़ाउकल हक्कु, वल-जन्नतु हक्कुन, वन्नारु हक्कुन, (वन-नबिय्यूना हक्कुन, व मुहम्मदुन सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम हक़्क़ुन) वस्साअतु ह़क़्क़ुन, अल्लाहुम्मा लका अस्लमतु, व-बिका आमन्तु, व-अलैका तवक्कलतु, (व-इलैका अनब्तु) व-इलैका ख़ासम्तु, व-बिका ह़ाकम्तु, फ़ग़्फ़िरली मा क़द्दम्तु वमा अख़्ख़रतु, व-अस्रतु व-आलन्तु, वमा

अन्ता आ'लमु बिही मिन्नी, (अन्तल मुक़द्दिमु, व अन्तल मुअख़्ख़िरु) ला इलाहा इल्ला अन्ता"

"ऐ अल्लाह हमारे पालनहार, तेरे ही लिए सब प्रशंसा है, तू ही आकाशों और धरती का थामने वाला है। और तेरे ही लिए सब प्रशंसा है, तू ही आकाशों और धरती का और जो कुछ उनमें हैं, सबका पालनहार है। और तेरे ही लिए सब प्रशंसा है, तू ही आकाशों और धरती का प्रकाश है और उनका भी (प्रकाश है) जो उनमें हैं। तू सत्य है, तोरी बात सत्य है, तेरा वादा सत्य है, तेरी मुलाक़ात सत्य है, जन्नत सत्य है, जहन्नम सत्य है, (नबी सत्य हैं, और मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम सत्य हैं), क़ियामत सत्य है। ऐ अल्लाह मैं तेरे लिए मुसलमान (आज्ञाकारी) हुआ, और तुझी

पर मैं ईमान लाया और तुझी पर मैं ने भरोसा किया, (और तेरी ही तरफ़् लौटा) और तेरी ही ओर मैं अपना झगड़ा लेकर गया, और तेरी ही ओर निर्णय के लिए गया। इसलिए मेरा वह गुनाह बख़्श दे जो मैंने पहले किया और जो पीछे किया और जो मैंने छिपा कर किया और जो मैंने ज़ाहिर में किया। और वह भी जिसे तू मुझसे अधिक जानता है, (तू ही सबसे पहले है और तू ही सबसे बाद में है) तेरे सिवा कोई सच्चा पूज्य नहीं।”

﴿ٱللَّهُمَّ مَٰلِكَ ٱلۡمُلۡكِ تُؤۡتِي ٱلۡمُلۡكَ مَن تَشَآءُ
وَتَنزِعُ ٱلۡمُلۡكَ مِمَّن تَشَآءُ وَتُعِزُّ مَن تَشَآءُ
وَتُذِلُّ مَن تَشَآءُۖ بِيَدِكَ ٱلۡخَيۡرُۖ إِنَّكَ عَلَىٰ كُلِّ
شَيۡءٖ قَدِيرٞ ٢٦ تُولِجُ ٱلَّيۡلَ فِي ٱلنَّهَارِ وَتُولِجُ
ٱلنَّهَارَ فِي ٱلَّيۡلِۖ وَتُخۡرِجُ ٱلۡحَيَّ مِنَ ٱلۡمَيِّتِ
وَتُخۡرِجُ ٱلۡمَيِّتَ مِنَ ٱلۡحَيِّۖ وَتَرۡزُقُ مَن تَشَآءُ
بِغَيۡرِ حِسَابٖ ٢٧﴾ [آل عمران:٢٦-٢٧]

“ऐ अल्लाह, राज्य के स्वामी! तू जिसे चाहे राज्य देता है और जिससे चाहे राज्य छीन लेता है, और जिसे चाहे इज़्ज़त प्रदान करता है और जिसे चाहे अपमानित कर देता है। तेरे

ही हाथ में हर भलाई है। निःसंदेह तू हर चीज़ पर सर्वशक्तिमान है। तू रात को दिन में दाख़िल करता है और दिन को रात में दाख़िल करता है, और तू निर्जीव से सजीव को निकालता है और सजीव से निर्जीव को निकालता है, और तू जिसे चाहे बिना किसी हिसाब के रोज़ी देता है।"

(ये सूरत आल-इमरान की दो आयतें (26-27) हैं, पहली आयत की शुरुआत में "क़ाला" का शब्द जानबूझकर हटा दिया गया है, दुआ की शुरुआत को इंगित करने के लिए.)

5

«اللَّهُمَّ رَبَّ السَّمَوَاتِ وَرَبَّ الْأَرْضِ وَرَبَّ
الْعَرْشِ الْعَظِيمِ، رَبَّنَا وَرَبَّ كُلِّ شَيْءٍ، فَالِقَ
الْحَبِّ وَالنَّوَى، وَمُنْزِلَ التَّوْرَاةِ وَالْإِنْجِيلِ
وَالْفُرْقَانِ، أَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ كُلِّ شَيْءٍ
أَنْتَ آخِذٌ بِنَاصِيَتِهِ، اللَّهُمَّ أَنْتَ الْأَوَّلُ
فَلَيْسَ قَبْلَكَ شَيْءٌ، وَأَنْتَ الْآخِرُ فَلَيْسَ
بَعْدَكَ شَيْءٌ، وَأَنْتَ الظَّاهِرُ فَلَيْسَ فَوْقَكَ
شَيْءٌ، وَأَنْتَ الْبَاطِنُ فَلَيْسَ دُونَكَ شَيْءٌ،
اقْضِ عَنَّا الدَّيْنَ، وَأَغْنِنَا مِنَ الْفَقْرِ»

“अल्लाहुम्मा रब्बस-समावाति व रब्बल-अर्शिल-अज़ीम, रब्बना व रब्बा कुल्लि शैइन,

फ़ालिक़ल-ह़ब्बि वन्नवा, व-मुन्ज़िलत-तौराति वल-इन्जीलि वल-फ़ुरक़ानि, अऊज़ु बिका मिन शर्रि कुल्लि शैइन अन्ता आख़िज़ुन बि-नासियतिहि, अल्लाहुम्मा अन्तल-अव्वलु फ-लैसा क़ब्लका शैउन, व-अन्तल-आख़िरु फ़-लैसा बा'दका शैउन, व-अन्तज़-ज़ाहिरु फ-लैसा फौक़का शैउन, व-अन्तल-बातिनु फ-लैसा दूनका शैउन, इक़्ज़ि अन्नद-दैना व-अग़निना मिनल-फ़क़्रि"

"ऐ अल्लाह, ऐ आकाशों के रब, धरती के रब और महान अर्श के रब! ऐ हमारे रब और हर चीज़ के रब! दाने और गुठली को फाड़ने वाले! तौरात, इन्जील और फुरक़ान (क़ुरआन) के उतारने वाले! मैं हर उस चीज़ की बुराई से तेरी पनाह चाहता हूँ जिसकी पेशानी तू पकड़े हुए

है। ऐ अल्लाह! तू ही अव्वल (सबसे पहले) है, तुझसे पहले कोई चीज़ नहीं। और तू ही आखिर है, तेरे बाद कोई चीज़ नहीं। और तू ही ज़ाहिर है, तेरे ऊपर कोई चीज़ नहीं। और तू ही बातिन है, तुझसे वरे कोई चीज़ नहीं। हमारा क़र्ज अदा कर दे और हमें निर्धनता से (निकाल कर) धनवान कर दे।"

6

«اللَّهُمَّ إِنِّي أُشْهِدُكَ وَأُشْهِدُ مَلَائِكَتَكَ وَحَمَلَةَ عَرْشِكَ، وَأُشْهِدُ مَنْ فِي السَّمَاوَاتِ وَمَنْ فِي الْأَرْضِ، أَنَّكَ أَنْتَ اللهُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ وَحْدَكَ لَا شَرِيكَ لَكَ، وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُكَ وَرَسُولُكَ»

“अल्लाहुम्मा इन्नी उशहिदुका व-उशहिदु मलाईकतका व-ह-म-लता अर्शिका, व-उशहिदु मन् फ़िस-समावाति व-मन् फ़िल-अर्ज़ि, अन्नका अन्तल्लाहु ला इलाहा इल्ला अन्ता वह्दका ला शरीका लका, व-अश्हदु अन्ना मुहम्मदन अब्दुका व-रसूलुका”

“ऐ अल्लाह! मैं तुझे गवाह बनाता हूँ और मैं तेरे

फरिश्तों और तेरा अर्श उठाने वालों को गवाह बनाता हूँ, तथा उन सब को गवाह बनाता हूँ जो आकाशों में हैं और जो धरती में हैं कि तू ही अल्लाह है, तेरे सिवा कोई सच्चा पूज्य नहीं, तू अकेला है, तेरा कोई साझी नहीं। और मैं गवाही देता हूँ कि निःसंदेह मुहम्मद तेरे बंदे और रसूल हैं।”

7

«اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ بِأَنِّي أَشْهَدُ أَنَّكَ أَنْتَ اللهُ لاَ إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ الأَحَدُ الصَّمَدُ، الَّذِي لَمْ يَلِدْ وَلَمْ يُولَدْ وَلَمْ يَكُنْ لَهُ كُفُوًا أَحَدٌ»

“अल्लाहुम्मा इन्नी अस्अलुका बि-अन्नी अश्हदु अन्नका अन्तल्लाहु ला इलाहा इल्ला अन्तल-अहदुस-समद, अल्लज़ी लम यलिद वलम यूलद् वलम यकुन् लहू कुफ़ुवन अहद”

“ऐ अल्लाह! मैं तुझसे माँगता हूँ इस बात के माध्यम से कि मैं गवाही देता हूँ कि तू ही अल्लाह है, तेरे सिवा कोई अन्य उपासना के योग्य नहीं। तू अकेला और बेनियाज़ है, जिसने न किसी को जना और न वह किसी से जना

गया और न उसका कोई समकक्ष है।"

(हदीस में यह उल्लेख किया गया है कि यह दुआ अल्लाह का "इस्मे आज़म" यानी सबसे बड़ा नाम है कि जिसके द्वारा अगर दुआ की जाए तो अल्लाह क़बूल करता है और यदि कुछ माँगा जाए, तो वह प्रदान करता है।)

8

«لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ الْعَظِيمُ الْحَلِيمُ، لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيمِ، لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ رَبُّ السَّمَاوَاتِ وَرَبُّ الْأَرْضِ وَرَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيمِ»

“ला इलाहा इल्लल्लाहुल अज़ीमुल हलीम, ला इलाहा इल्लल्लाहु रब्बुल अर्शिल अज़ीम, ला इलाहा इल्लल्लाहु रब्बुस समावाति व-रब्बुल अर्ज़ि व-रब्बुल अर्शिल करीम”

“अल्लाह के अलावा कोई इबादत के योग्य नहीं, जो बड़ी महिमा वाला, सहनशील है। अल्लाह के अलावा कोई इबादत के योग्य नहीं, जो बड़े अर्श का रब है। अल्लाह के अलावा कोई इबादत के

योग्य नहीं, जो आसमानों का रब और धरती का रब और अर्शे करीम का रब है।"

(यह वेदना और चिंता की दुआओं में से है।)

9

«اللّٰهُ، اللّٰهُ رَبِّي لَا أُشْرِكُ بِهِ شَيْئًا»

अल्लाहु, अल्लाहु रब्बी, ला उश्रिको बिही शैअन्

"अल्लाह, अल्लाह मेरा पालनहार है, मैं उसके साथ किसी को साझी नहीं करता।"

(यह वेदना और चिंता की दुआओं में से है।)

10

«لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ، اللهُ أَكْبَرُ كَبِيرًا، وَالْحَمْدُ لِلَّهِ كَثِيرًا، سُبْحَانَ اللهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ، لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللهِ الْعَزِيزِ الْحَكِيمِ»

"ला इलाहा इल्लल्लाहु वह्दहू ला शरीका लहू, अल्लाहु अक्बरु कबीरा, वल-ह़म्दुलिल्लाहि कसीरा, सुब्ह़ानल्लाहि रब्बिल आलमीन, ला ह़ौला वला क़ुव्वता इल्ला बिल्लाहिल अज़ीज़िल ह़कीम"

"अल्लाह के अलावा कोई इबादत के योग्य नहीं, वह अकेला है, उसका कोई साझी नहीं। अल्लाह

सबसे बड़ा है बहुत बड़ा। और सब प्रशंसा केवल अल्लाह ही के लिए है बहुत अधिक। अल्लाह बहुत पाक है जो सर्व संसार का पालनहार है। प्रभुत्वशाली और हिकमत वाले अल्लाह की तौफीक़ के बिना न बुराई से बचने की शक्ति है और न नेकी करने की ताक़त।”

11

«لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ، لَهُ الْمُلْكُ، وَلَهُ الْحَمْدُ، وَهُوَ عَلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ، سُبْحَانَ اللهِ، وَالْحَمْدُ لِلهِ، وَلَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ، وَاللهُ أَكْبَرُ، وَلَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللهِ الْعَلِيِّ الْعَظِيمِ»

“ला इलाहा इल्लल्लाहु वह्दहू ला शरीका लहू, लहुल मुल्कु, व-लहुल ह़म्दु, व-हुवा अला कुल्लि शैइन क़दीर, सुब्ह़ानल्लाह, वल-ह़म्दु लिल्लाह, व ला इलाहा इल्लल्लाह, वल्लाहु अक्बर, वला हौला वला क़ुव्वता इल्ला बिल्लाहिल अलिय्यिल अज़ीम”

“अल्लाह के अतिरिक्त कोई सच्चा पूज्य (माबूद) नहीं, वह अकेला है, उसका कोई साझी

नहीं। उसी का राज्य है और उसी के लिए सब प्रशंसा है और वह हर चीज़ पर सर्वशक्तिवान है। अल्लाह बहुत पाक है, और सब प्रशंसा केवल अल्लाह ही के लिए है, और अल्लाह के अलावा कोई इबादत के योग्य नहीं, और अल्लाह सबसे बड़ा है, तथा सर्वोच्च और महान अल्लाह की तौफीक़ के बिना न बुराई से बचने की शक्ति है और न नेकी करने की ताक़त।"

12

«لَا إِلَهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهُ، أَنْجَزَ وَعْدَهُ، وَنَصَرَ عَبْدَهُ، وَهَزَمَ الْأَحْزَابَ وَحْدَهُ»

"ला इलाहा इल्लल्लाहु वह्दहू, अन्जज़ा वअ्दहू, व न-स-र अब्दहू, व ह-ज़-मल अह्ज़ाबा वह्दहू"

"अल्लाह के अतिरिक्त कोई उपासना के योग्य नहीं, वह अकेला है। उसने अपना वचन पूरा किया और अपने बंदे की सहायता की और अकेले सारे जत्थों को पराजित किया।"

13

«اللَّهُمَّ أَنْتَ رَبِّي لاَ إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ، خَلَقْتَنِي وَأَنَا عَبْدُكَ، وَأَنَا عَلَى عَهْدِكَ وَوَعْدِكَ مَا اسْتَطَعْتُ، أَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا صَنَعْتُ، أَبُوءُ لَكَ بِنِعْمَتِكَ عَلَيَّ، وَأَبُوءُ لَكَ بِذَنْبِي فَاغْفِرْ لِي، فَإِنَّهُ لاَ يَغْفِرُ الذُّنُوبَ إِلَّا أَنْتَ»

"अल्लाहुम्मा अन्ता रब्बी ला इलाहा इल्ला अन्ता, खलक़्तनी व अना अब्दुका, व अना अला अह्दिका व वा'दिका मस्तता'तु, अऊज़ु बिका मिन् शर्रि मा सना'तु, अबूओ लका बि-ने'मतिका अलय्या, व अबूओ लका बि-ज़ंबी फग़्फ़िर् ली, फ़-इन्नहु ला यग़्फ़िरुज़्-ज़ुनूबा इल्ला अन्ता"

“ऐ अल्लाह तू ही मेरा पालनहार है। तेरे सिवा कोई इबादत के योग्य नहीं। तूने मुझे पैदा किया और मैं तेरा बंदा हूँ, और मैं अपनी शक्ति भर तुझसे की हुई प्रतिज्ञा और तेरे वादे पर क़ायम हूँ। मैंने जो कुछ किया उसकी बुराई से तेरी शरण में आता हूँ। मैं अपने ऊपर तेरी नेमत का इक़रार करता हूँ। और मैं तेरे समक्ष अपने गुनाहों को स्वीकार करता हूँ। अतः मुझे क्षमा कर दे। क्योंकि तेरे सिवा कोई दूसरा गुनाहों को नहीं क्षमा कर सकता।”

14

«اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ بِأَنَّ لَكَ الْحَمْدُ، لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ الْمَنَّانُ، بَدِيعُ السَّمَوَاتِ وَالْأَرْضِ، يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْإِكْرَامِ، يَا حَيُّ يَا قَيُّومُ»

“अल्लाहुम्मा इन्नी अस्अलुका बि-अन्ना लकल ह़म्दु, ला इलाहा इल्ला अन्तल-मन्नानु, बदीउस्समावाति वल-अर्ज़ि, या ज़ल-जलालि वल-इकरामि, या ह़य्यु या क़य्यूमु”

“ऐ अल्लाह! मैं तुझसे माँगता हूँ इस बात के हवाले से कि हर प्रकार की प्रशंसा तेरे ही लिए है, तेरे सिवा कोई इबादत के योग्य नहीं। तू बहुत उपकार करने वाला, आकाशों तथा धरती को

बिना पूर्व उदाहरण के बनाने वाला है, ऐ महिमा और सम्मान वाले! ऐ परम जीवित! ऐ सब कुछ थामने वाले!”

(हदीस में यह उल्लेख किया गया है कि यह दुआ अल्लाह का “इस्मे आज़म” यानी सबसे बड़ा नाम है कि जिसके द्वारा अगर दुआ की जाए तो अल्लाह क़बूल करता है और यदि कुछ माँगा जाए, तो वह प्रदान करता है।)

15

«سُبْحَانَكَ مَا أَعْظَمَكَ رَبَّنَا»

“सुब्हानका मा आज़मका रब्बना”

“तू हर दोष से पाक है, ऐ हमारे पालनहार तू कितना महान है।”

16

«سُبْحَانَ ذِي الْجَبَرُوتِ وَالْمَلَكُوتِ
وَالْكِبْرِيَاءِ وَالْعَظَمَةِ»

“सुब्हाना ज़िल-जबरूति वल-मलकूति वल-किबरियाए वल-अज़मति”

“पाक है परम शक्ति, राज्य, गौरव और महानता वाला (अल्लाह)।”

17

«اللّٰهُ أَكْبَرُ اللّٰهُ أَكْبَرُ اللّٰهُ أَكْبَرُ ذُو الْمَلَكُوتِ وَالْجَبَرُوتِ وَالْكِبْرِيَاءِ وَالْعَظَمَةِ»

“अल्लाहु अक्बर – तीन बार - ज़ुल-जबरूति वल-मलकूति वल-किबरियाए वल-अज़मति”

“अल्लाह सबसे बड़ा है – तीन बार – जो परम शक्ति, राज्य, गौरव और महानता वाला है।”

18

«اللهُ أَكْبَرُ كَبِيرًا، وَالْحَمْدُ لِلّٰهِ كَثِيرًا، وَسُبْحَانَ اللهِ بُكْرَةً وَأَصِيلًا»

“अल्लाहु अक्बरु कबीरा, वल-ह़म्दुलिल्लाहि कसीरा, व-सुब्ह़ानल्लाहि बुक्रतन् व असीला”

“अल्लाह सबसे बड़ा है बहुत बड़ा, और हर प्रकार की प्रशंसा केवल अल्लाह के लिए है बहुत अधिक प्रशंसा, और अल्लाह पाक है हर दोष से सुबह व शाम।”

दुआ करने वाले के लिए बेहतर है कि सर्वशक्तिमान अल्लाह की प्रशंसा करने के बाद, नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम पर दुरूद भेजे।

«اللَّهُمَّ صَلِّ وَسَلِّم عَلَى مُحَمَّدٍ وَعَلَى آلِ مُحَمَّدٍ، كَمَا صَلَّيْتَ عَلَى إِبْرَاهِيمَ، وَعَلَى آلِ إِبْرَاهِيمَ، إِنَّكَ حَمِيدٌ مَجِيدٌ»

"अल्लाहुम्मा सल्लि व सल्लिम अला मुहम्मद, व अला आलि मुहम्मद, कमा सल्लैता अला इब्राहीमा व अला आलि इब्राहीमा, इन्नका हमीदुन मजीद"

(ऐ अल्लाह! तू दया और शांति अवतिरत कर मुहम्मद पर और मुहम्मद के परिवार पर, जिस प्रकार तूने इब्राहीम पर और इब्राहीम के परिवार पर दया अवतिरत किया। निःसंदेह तू प्रशंसनीय और गौरवशाली है।)

صحيح الدعاء والثناء على الله تعالى

क़ुरआन की दुआएँ

अगला

पहले पृष्ठ पर वापस जाएँ

1

﴿حَسْبِيَ ٱللَّهُ لَآ إِلَٰهَ إِلَّا هُوَۖ عَلَيْهِ
تَوَكَّلْتُۖ وَهُوَ رَبُّ ٱلْعَرْشِ ٱلْعَظِيمِ ١٢٩﴾

[التوبة:١٢٩]

“मेरे लिए अल्लाह ही पर्याप्त है, उसके अलावा कोई पूजा के योग्य नहीं। मैंने उसी पर भरोसा किया और वह महान सिंहासन का मालिक है।”

[अत-तौबा : 129]

2

﴿لَّآ إِلَٰهَ إِلَّآ أَنتَ سُبۡحَٰنَكَ إِنِّي كُنتُ مِنَ ٱلظَّٰلِمِينَ ۝٨٧﴾ [الأنبياء:٨٧]

“तेरे सिवा कोई सत्य पूज्य नहीं, तू पाक है, निःसंदेह मैं अत्याचार करने वालों में हो गया।" [अंबिया : 87]

3

﴿رَبِّ ٱجۡعَلۡنِي مُقِيمَ ٱلصَّلَوٰةِ وَمِن ذُرِّيَّتِيۚ رَبَّنَا وَتَقَبَّلۡ دُعَآءِ ۝٤٠﴾ [إبراهيم:٤٠]

“ऐ मेरे पालनहार! मुझे नमाज़ क़ायम करने वाला बना तथा मेरी संतान में से भी। ऐ हमारे पालनहर! और मेरी दुआ स्वीकार कर।” [इबराहीम : 40]

4

﴿هُنَالِكَ دَعَا زَكَرِيَّا رَبَّهُۥ ۖ قَالَ رَبِّ هَبْ لِي مِن لَّدُنكَ ذُرِّيَّةً طَيِّبَةً ۖ إِنَّكَ سَمِيعُ الدُّعَاءِ ﴿٣٨﴾﴾ [آل عمران:٣٨]

“ऐ मेरे पालनहार! मुझे अपने पास से एक अच्छी संतान प्रदान कर। निःसंदेह तू ही दुआ को बहुत सुनने वाला है।” [आल-इमरान : 38]

5

﴿رَبَّنَا ٱغۡفِرۡ لَنَا ذُنُوبَنَا وَإِسۡرَافَنَا فِيٓ
أَمۡرِنَا وَثَبِّتۡ أَقۡدَامَنَا وَٱنصُرۡنَا عَلَى ٱلۡقَوۡمِ
ٱلۡكَٰفِرِينَ ١٤٧﴾ [آل عمران:١٤٧]

“ऐ हमारे पालनहार! हमारे पापों को और हमारे मामले में हमसे होने वाली अति (ज़्यादती) को क्षमा कर दे। तथा हमारे पैरों को जमाए रख और काफ़िर क़ौम पर हमें विजय प्रदान कर।”

[आल-इमरान : 147]

6

﴿رَّبِّ ٱغْفِرْ وَٱرْحَمْ وَأَنتَ خَيْرُ ٱلرَّٰحِمِينَ ۝١١٨﴾ [المؤمنون:١١٨]

“ऐ मेरे रब! मुझे क्षमा कर दे और दया कर। तू तो दया करने वालों में सबसे अधिक दया करने वाला है।” [अल-मूमिनून : 118]

7

﴿رَبِّ إِنِّى ظَلَمْتُ نَفْسِى فَٱغْفِرْ لِى﴾ [القصص:١٦]

“ऐ मेरे पालनहार! निश्चय मैंने अपने आप पर ज़ुल्म किया। अतः तू मुझे क्षमा कर दे।” [अल-क़सस : 18]

8

﴿رَبَّنَآ أَفۡرِغۡ عَلَيۡنَا صَبۡرٗا وَثَبِّتۡ أَقۡدَامَنَا وَٱنصُرۡنَا عَلَى ٱلۡقَوۡمِ ٱلۡكَٰفِرِينَ ٢٥٠﴾

[البقرة: ٢٥٠]

“ऐ हमारे पालनहार! हमपर धैर्य उँडेल दे और हमारे क़दम जमा दे और इन काफ़िर लोगों पर हमें विजय प्रदान कर।” [अल-बक़रह : 250]

9

﴿رَبَّنَا لَا تُزِغۡ قُلُوبَنَا بَعۡدَ إِذۡ هَدَيۡتَنَا وَهَبۡ لَنَا مِن لَّدُنكَ رَحۡمَةًۚ إِنَّكَ أَنتَ ٱلۡوَهَّابُ ۝٨﴾ [آل عمران:٨]

“ऐ हमारे पालनहार! हमारे दिलों को (सत्य से) विचलित न कर, इसके बाद कि तूने हमें मार्गदर्शन प्रदान किया और हमें अपने पास से दया प्रदान कर। निःसंदेह तू महान दाता है।”

[आल-इमरान : 8]

10

﴿رَبِّ ٱشْرَحْ لِى صَدْرِى ۝٢٥ وَيَسِّرْ لِىٓ أَمْرِى ۝٢٦﴾ [طه: ٢٥-٢٦]

“ऐ मेरे पालनहार! मेरे लिए मेरा सीना खोल दे और मेरे लिए मेरा काम आसान कर दे।”

[ताहा : 25-26]

11

﴿مَسَّنِىَ ٱلضُّرُّ وَأَنتَ أَرْحَمُ ٱلرَّٰحِمِينَ ۝٨٣﴾

[الأنبياء: ٨٣]

“मुझे तकलीफ़ पहुँची है, और तू दया करने वालों में सबसे बढ़कर दयावान् है।”

[अंबिया : 83]

12

﴿رَّبِّ أَعُوذُ بِكَ مِنْ هَمَزَٰتِ ٱلشَّيَٰطِينِ ٩٧
وَأَعُوذُ بِكَ رَبِّ أَن يَحْضُرُونِ ٩٨﴾

[المؤمنون: ٩٧–٩٨]

“ऐ मेरे पालनहार! मैं शैतान की उकसाहटों से तेरी शरण चाहता हूँ और ऐ मेरे पालनहार! मैं इससे भी तेरी शरण चाहता हूँ कि वे (शैतान) मेरे पास आएँ।”

13

﴿رَبَّنَا ٱصۡرِفۡ عَنَّا عَذَابَ جَهَنَّمَۖ إِنَّ عَذَابَهَا كَانَ غَرَامًا ٦٥﴾ [الفرقان:٦٥]

“ऐ हमारे पालनहार! हमसे जहन्नम की यातना दूर कर दे। निश्चय उसकी यातना चिमट जाने वाली है।”

14

﴿وَسِعَ رَبُّنَا كُلَّ شَىْءٍ عِلْمًا ۚ عَلَى ٱللَّهِ تَوَكَّلْنَا ۚ رَبَّنَا ٱفْتَحْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ قَوْمِنَا بِٱلْحَقِّ وَأَنتَ خَيْرُ ٱلْفَٰتِحِينَ ﴿٨٩﴾﴾ [الأعراف:٨٩]

“हमारा पालनहार हर चीज़ को अपने ज्ञान के घेरे में लिए हुए है। हमने अल्लाह ही पर भरोसा किया। ऐ हमारे पालनहार! हमारे और हमारी क़ौम के बीच सत्य के साथ फ़ैसला कर दे। और तू सबसे अच्छा फ़ैसला करनेवाला है।” [अल-आराफ़ : 89]

15

﴿ٱرۡزُقۡنَا وَأَنتَ خَيۡرُ ٱلرَّٰزِقِينَ ١١٤﴾

[المائدة: ١١٤]

"और हमें जीविका प्रदान कर। तू ही सबसे बेहतर जीविका प्रदान करने वाला है।" [अल-मायदा : 114]

16

﴿رَبَّنَآ ءَاتِنَا مِن لَّدُنكَ رَحۡمَةٗ وَهَيِّئۡ لَنَا مِنۡ أَمۡرِنَا رَشَدٗا ١٠﴾ [الكهف: ١٠]

"ऐ हमारे पालनहार! हमें अपने पास से दया प्रदान कर और हमारे लिए हमारे मामले में मार्गदर्शन (सीधे रास्ते पर चलने) को आसान कर दे।" [अल-कहफ़ : 10]

17

﴿رَبِّ هَبۡ لِي حُكۡمٗا وَأَلۡحِقۡنِي بِٱلصَّٰلِحِينَ ٨٣﴾ [الشعراء:٨٣]

“ऐ मेरे पालनहार! मुझे निर्णय-शक्ति प्रदान कर और मुझे सदाचारी लोगों के साथ मिला।” [अश-शुअरा : 83]

18

﴿رَّبِّ زِدۡنِي عِلۡمٗا﴾ [طه:١١٤]

“ऐ मेरे पालनहार! मुझे ज्ञान में वृद्धि प्रदान कर।” [ताहा : 114]

19

﴿رَبِّ إِنِّي لِمَآ أَنزَلْتَ إِلَيَّ مِنْ خَيْرٍ فَقِيرٌ ٢٤﴾ [القصص:٢٤]

“ऐ मेरे पालनहार! जो भलाई भी तू मेरी ओर उतार दे, निःसंदेह मैं उसका ज़रूरतमंद हूँ।”

[अल-क़सस : 24]

20

﴿رَبَّنَا هَبْ لَنَا مِنْ أَزْوَٰجِنَا وَذُرِّيَّـٰتِنَا قُرَّةَ أَعْيُنٍ وَٱجْعَلْنَا لِلْمُتَّقِينَ إِمَامًا ٧٤﴾

[الفرقان: ٧٤]

“ऐ हमारे पालनहार! हमें हमारी पत्नियों और हमारी संतान से आँखों की ठंडक प्रदान कर और हमें परहेज़गारों का नायक बना दे।”

[अल-फ़ुरक़ान : 74]

21

﴿رَبِّ أَوۡزِعۡنِيٓ أَنۡ أَشۡكُرَ نِعۡمَتَكَ ٱلَّتِيٓ أَنۡعَمۡتَ عَلَيَّ وَعَلَىٰ وَٰلِدَيَّ وَأَنۡ أَعۡمَلَ صَٰلِحٗا تَرۡضَىٰهُ وَأَدۡخِلۡنِي بِرَحۡمَتِكَ فِي عِبَادِكَ ٱلصَّٰلِحِينَ ١٩﴾ [النمل:١٩]

"ऐ मेरे पालनहार! मुझे सामर्थ्य प्रदान कर कि मैं तेरी उस कृपा पर आभार प्रकट करूँ, जो तूने मुझपर और मेरे माँ-बाप पर की है। और यह कि मैं अच्छा कर्म करूँ जो तुझे पसंद आए और अपनी दया से मुझे अपने सदाचारी बंदों में दाख़िल कर।" [अन-नम्ल : 19]

22

﴿رَبَّنَا تَقَبَّلْ مِنَّآ ۖ إِنَّكَ أَنتَ ٱلسَّمِيعُ ٱلْعَلِيمُ ﴿١٢٧﴾ ﴾ ﴿وَتُبْ عَلَيْنَآ ۖ إِنَّكَ أَنتَ ٱلتَّوَّابُ ٱلرَّحِيمُ ﴿١٢٨﴾ ﴾ [البقرة:١٢٧-١٢٨]

“ऐ हमारे पालनहार! हमसे स्वीकार कर ले, निःसंदेह तू ही सब कुछ सुनने वाला, सब कुछ जानने वाला है।”, “और हमारी तौबा क़बूल कर। निःसंदेह तू ही बहुत तौबा क़बूल करने वाला, अत्यंत दयावान् है।” [अल-बक़रा : 127-128]

صحيح الدعاء والثناء على الله تعالى

नमाज़ की दुआएँ

अगला

पहले पृष्ठ पर वापस जाएँ

1

«اللَّهُمَّ بَاعِدْ بَيْنِي وَبَيْنَ خَطَايَايَ كَمَا بَاعَدْتَ بَيْنَ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ، اللَّهُمَّ نَقِّنِي مِنْ خَطَايَايَ كَمَا يُنَقَّى الثَّوْبُ الْأَبْيَضُ مِنَ الدَّنَسِ، اللَّهُمَّ اغْسِلْنِي مِنْ خَطَايَايَ بِالثَّلْجِ وَالْمَاءِ وَالْبَرَدِ»

"अल्लाहुम्मा बाइद् बैनी व बैना खतायाया कमा बाअद्ता बैनल मश्रिक़ि वल मग़्रिबि, अल्लाहुम्मा नक़्क़िनी मिन् खतायाया कमा युनक़्क़स्सौबुल अब्यज़ो मिनद्-दनसि, अल्लाहुम्मग़्सिलनी मिन् खतायाया बिस्सल्जि वल्माए वल बरद"

“ऐ अल्लाह! तू मेरे बीच और मेरे गुनाहों के बीच ऐसी दूरी कर दे जैसी दूरी तूने पूरब और पश्चिम के बीच की है। ऐ अल्लाह! मुझे मेरे गुनाहों से इस तरह पवित्र कर दे जिस तरह सफ़ेद कपड़ा मैल-कुचैल से साफ़ किया जाता है। ऐ अल्लाह! मुझे मेरे गुनाहों से बर्फ, पानी और ओलों के साथ धुल दे।”

(यह नमाज़ शुरू करने की दुआओं में से है)

2

«اللَّهُمَّ رَبَّ جَبْرَائِيلَ، وَمِيكَائِيلَ، وَإِسْرَافِيلَ، فَاطِرَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ، عَالِمَ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ، أَنْتَ تَحْكُمُ بَيْنَ عِبَادِكَ فِيمَا كَانُوا فِيهِ يَخْتَلِفُونَ، اهْدِنِي لِمَا اخْتُلِفَ فِيهِ مِنَ الْحَقِّ بِإِذْنِكَ، إِنَّكَ تَهْدِي مَنْ تَشَاءُ إِلَى صِرَاطٍ مُسْتَقِيمٍ»

“अल्लाहुम्मा रब्बा जिबराईला व मीकाईला व इसराफीला, फ़ातिरस्-समावाति वल-अर्ज़ि, आलिमल्-ग़ैबि वश्-शहादति, अन्ता तह्कुमु बैना इबादिका फीमा कानू फ़ीहि यख़्तलिफ़ून, इह्दिनी लिमख़्-तुलिफ़ा फीहि मिनल्-हक्क़ि

बि-इज़्निका, इन्नका तह्दी मन् तशाओ इला सिरातिम-मुस्तक़ीम”

“ऐ अल्लाह! ऐ जिबराईल, मीकाईल और इसराफ़ील के मालिक! आकाशों और धरती के रचयिता, परोक्ष और प्रत्यक्ष के जानने वाले! तू ही अपने बंदों के बीच उस चीज़ के बारे में फैसला करेगा, जिसमें वे मतभेद किया करते थे। हक़ की जिस बात में मतभेद हो गया है तू अपनी अनुमति से मुझे सीधा मार्ग दिखा। निःसंदेह तू जिसे चाहता है, सीधा मार्ग दिखाता है।”

(यह नमाज़ शुरू करने की दुआओं में से है, विशेष रूप से रात की नमाज़ – तहज्जुद - में) (तथा इसे सत्य के भ्रमित होने और दिल पर संदेह प्रकट होने के समय भी पढ़ा जाता है)

3

«وَجَّهْتُ وَجْهِيَ لِلَّذِي فَطَرَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ حَنِيفًا، وَمَا أَنَا مِنَ الْمُشْرِكِينَ، إِنَّ صَلَاتِي، وَنُسُكِي، وَمَحْيَايَ، وَمَمَاتِي لِلَّهِ رَبِّ الْعَالَمِينَ، لَا شَرِيكَ لَهُ، وَبِذَلِكَ أُمِرْتُ وَأَنَا مِنَ الْمُسْلِمِينَ، اللَّهُمَّ أَنْتَ الْمَلِكُ لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ أَنْتَ رَبِّي، وَأَنَا عَبْدُكَ، ظَلَمْتُ نَفْسِي، وَاعْتَرَفْتُ بِذَنْبِي، فَاغْفِرْ لِي ذُنُوبِي جَمِيعًا، إِنَّهُ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوبَ إِلَّا أَنْتَ، وَاهْدِنِي لِأَحْسَنِ الْأَخْلَاقِ لَا يَهْدِي لِأَحْسَنِهَا إِلَّا أَنْتَ، وَاصْرِفْ عَنِّي سَيِّئَهَا لَا يَصْرِفُ عَنِّي سَيِّئَهَا إِلَّا أَنْتَ، لَبَّيْكَ وَسَعْدَيْكَ وَالْخَيْرُ كُلُّهُ

فِي يَدَيْكَ، وَالشَّرُّ لَيْسَ إِلَيْكَ، أَنَا بِكَ وَإِلَيْكَ، تَبَارَكْتَ وَتَعَالَيْتَ، أَسْتَغْفِرُكَ وَأَتُوبُ إِلَيْكَ»

वज्जहतु वजहिया लिल्लज़ी फ़तरस्समावाति वल-अर्ज़ा हनीफ़ा, व-मा अना मिनल् मुशरेकीन, इन्ना सलाती, व-नुसुकी, व- मह्याया, व-ममाती लिल्लाहि रब्बिल आलमीन, ला शरीका लहू, व बि-ज़ालिका उमिर्तु व अना मिनल मुस्लिमीन। अल्लाहुम्मा अन्तल मलिकु ला इलाहा इल्ला अन्त, अन्ता रब्बी, व-अना अब्दुका, ज़लम्तु नफ़्सी, वा'तरफ़्तु बि-ज़ंबी, फ़ग़-फ़िर् ली ज़ुनूबी जमीअन, इन्नहु ला-यग़्फ़िरुज़्-ज़ुनूबा इल्ला अन्ता, वह्दिनी लि-अह्सिनिल्-अख़्लाक़ि, ला यह्दी लि-अह्सनिहा इल्ला अन्ता, वस्-रिफ़ अन्नी सैयिअहा, ला यसरिफ़ु अन्नी सैयिअहा इल्ला अन्ता, लब्बैका व सा'दैका, वल-ख़ैरु

कुल्लुहू फी यदैका, वश्शर्रु लैसा इलैका, अना बिका व इलैका, तबारकता व तआलैता, अस्तग़्फ़िरुका व अतूबो इलैक"

"मैंने एकाग्रचित होकर अपना चेहरा उस अस्तित्व की ओर कर लिया, जिसने आसमानों और ज़मीन को बनाया और मैं मुश्रिकों में से नहीं हूँ। निःसंदेह मेरी नमाज़, मेरी क़ुर्बानी, मेरा जीवन और मेरी मृत्यु सर्व संसार के पालनहार अल्लाह के लिए है। उसका कोई शरीक नहीं और मुझे इसी का आदेश दिया गया है और मैं मुसलमानों में से हूँ। ऐ अल्लाह! तू ही बादशाह है, तेरे सिवा कोई सच्चा पूज्य नहीं, तू ही मेरा पालनहार है और मैं तेरा बंदा हूँ। मैंने अपने आपपर ज़ुल्म किया है और मैं अपने पापों को स्वीकार करता हूँ। अतः मेरे सभी पापों को क्षमा

कर दे। क्योंकि तेरे सिवा कोई और पापों को क्षमा नहीं कर सकता। और मुझे सबसे अच्छे व्यवहार का मार्गदर्शन कर। सबसे अच्छे व्यवहार का मार्गदर्शन तेरे सिवा कोई नहीं कर सकता। तथा मुझसे बुरे व्यवहार को दूर कर दे। क्योंकि मुझसे बुरे व्यवहार को तेरे सिवा कोई दूर नहीं कर सकता। ऐ अल्लाह! मैं तेरे आज्ञापालन के लिए बार-बार हाज़िर हूँ और हर प्रकार की भलाई तेरे हाथों में है और बुराई की निस्बत तेरी ओर नहीं की जा सकती। मैं तेरी तौफीक़ से हूँ और तेरा ही आश्रय लेता हूँ। तू बरकत वाला और सर्वोच्च है। मैं तुझसे क्षमा याचना करता हूँ और पश्चाताप करता हूँ।"

(यह नमाज़ शुरू करने की दुआओं में से है, विशेष रूप से रात की नमाज़ – तहज्जुद - में)

4

«سُبْحَانَكَ اللَّهُمَّ رَبَّنَا وَبِحَمْدِكَ اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي»

"सुब्हानकल्लाहुम्मा रब्बना व बिह़म्दिका, अल्लाहुम्मग़-फिर् ली"

"ऐ अल्लाह हमारे पालनहार! तू पाक है और हम तेरी प्रशंसा करते हैं। ऐ अल्लाह! मुझे क्षमा कर दे।"

(यह दुआ रुकू और सज्दे में पढ़ना धर्मसंगत है)

5

«اللَّهُمَّ أَعُوذُ بِرِضَاكَ مِنْ سَخَطِكَ، وَبِمُعَافَاتِكَ مِنْ عُقُوبَتِكَ، وَأَعُوذُ بِكَ مِنْكَ لَا أُحْصِي ثَنَاءً عَلَيْكَ أَنْتَ كَمَا أَثْنَيْتَ عَلَى نَفْسِكَ»

अल्लाहुम्मा इन्नी अऊज़ो बि-रिज़ाका मिन् सख़तिका, व बि-मुआफातिका मिन उक़ूबतिका, व अऊज़ो बिका मिन्का, ला उह्सी सनाअन अलैका, अन्ता कमा अस्नैता अला नफ़्सिका

“ऐ अल्लाह! मैं तेरे क्रोध से तेरी प्रसन्नता की और तेरी सज़ा से तेरी क्षमा की शरण चाहता हूँ। तथा मैं तुझसे तेरी ही शरण चाहता हूँ। मैं तेरी संपूर्ण प्रशंसा करने की क्षमता नहीं रखता।

तू उसी तरह है जैसे तूने स्वयं की प्रशंसा की है।"

(यह दुआ सज्दे में पढ़ना धर्मसंगत है)

6

«اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي ذَنْبِي كُلَّهُ دِقَّهُ، وَجِلَّهُ، وَأَوَّلَهُ وَآخِرَهُ وَعَلَانِيَتَهُ وَسِرَّهُ»

"अल्लाहुम्मग़्-फ़िर् ली ज़ंबी कुल्लहू दिक़्क़हू, व जिल्लहू, व अव्वलहू व आख़िरहू, व अलानियतहू व सिर्रहू"

"ऐ अल्लाह मेरे थोड़े और अधिक, पहले और पिछले, खुले और छिपे, सभी पापों को क्षमा कर दे।"

(यह दुआ सज्दे में पढ़ना धर्मसंगत है)

7

«اللَّهُمَّ اجْعَلْ لِي فِي قَلْبِي نُورًا، وَفِي لِسَانِي نُورًا، وَفِي سَمْعِي نُورًا، وَفِي بَصَرِي نُورًا، وَمِنْ فَوْقِي نُورًا، وَمِنْ تَحْتِي نُورًا، وَعَنْ يَمِينِي نُورًا، وَعَنْ شِمَالِي نُورًا، وَمِنْ بَيْنِ يَدَيَّ نُورًا، وَمِنْ خَلْفِي نُورًا، وَاجْعَلْ فِي نَفْسِي نُورًا، وَأَعْظِمْ لِي نُورًا»

“अल्लाहुम्मज्-अल ली फी क़ल्बी नूरा, व फी लिसानी नूरा, व फी सम्ई नूरा, व फी बसरी नूरा, व मिन फ़ौक़ी नूरा, व मिन तह्ती नूरा, व अन् यमीनी नूरा, व अन शिमाली नूरा, व मिन् बैनि यदय्या नूरा, व मिन ख़ल्फ़ी नूरा, वज्अल फी नफ़्सी नूरा, व आज़िम ली नूरा”

“ऐ अल्लाह! मेरे दिल में प्रकाश पैदा कर दे, मेरी ज़बान में प्रकाश पैदा कर दे, मेरे कान में प्रकाश पैदा कर दे, मेरी आँख में प्रकाश पैदा कर दे, मेरे ऊपर से प्रकाश कर दे, मेरे नीचे से प्रकाश कर दे, मेरे दाएँ प्रकाश कर दे, मेंरे बाएँ प्रकाश कर दे, मेरे आगे प्रकाश कर दे, मेरे पीछे प्रकाश कर दे और मेरे प्राण में प्रकाश भर दे और मेरे लिए प्रकाश को बहुत अधिक कर दे।”

(यह दुआ सज्दे में पढ़ना धर्मसंगत है, विशेष रूप से रात की नमाज़ – तहज्जुद - में)

8

«اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنْ عَذَابِ جَهَنَّمَ، وَمِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ، وَمِنْ فِتْنَةِ الْمَحْيَا وَالْمَمَاتِ، وَمِنْ شَرِّ فِتْنَةِ الْمَسِيحِ الدَّجَّالِ»

अल्लाहुम्मा इन्नी अऊज़ो बिका मिन् अज़ाबि जहन्नम, व मिन् अज़ाबिल क़ब्र, व मिन फित्नतिल मह्या वल ममात, व मिन् शर्रि फित्नतिल मसीहिद्दज्जाल।

“ऐ अल्लाह! मैं जहन्नम की यातना से, और क़ब्र की यातना से, और जीवन और मृत्यु के फित्ने से, तथा मसीह दज्जाल के फित्ने की बुराई से तेरी पनाह चाहता हूँ।”

(यह दुआ अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना धर्मसंगत है)

9

«اللَّهُمَّ أَعِنِّي عَلَى ذِكْرِكَ، وَشُكْرِكَ، وَحُسْنِ عِبَادَتِكَ»

अल्लाहुम्मा अ-इन्नी अला ज़िक्रिका व शुक्रिका व हुस्नि इबादतिक

“ऐ अल्लाह! तू अपने ज़िक्र (जप), अपने शुक्र और अच्छे ढंग से अपनी इबादत पर मेरी मदद कर।”

(यह दुआ अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना धर्मसंगत है)

10

«اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي مَا قَدَّمْتُ وَمَا أَخَّرْتُ، وَمَا أَسْرَرْتُ وَمَا أَعْلَنْتُ، وَمَا أَسْرَفْتُ، وَمَا أَنْتَ أَعْلَمُ بِهِ مِنِّي، أَنْتَ الْمُقَدِّمُ وَأَنْتَ الْمُؤَخِّرُ، لَا إِلَهَ إِلَّا أَنْتَ»

“अल्लाहुम्मग़्-फ़िर् ली मा क़द्दम्तु वमा अख़्ख़रतु, वमा अस-रर्तु वमा-आलन्तु, वमा अस्-रफ़्तु, वमा अन्ता आ’लमु बिही मिन्नी, अन्तल मुक़द्दिमु, व अन्तल मुअख़्ख़िरु, ला इलाहा इल्ला अन्ता”

“ऐ अल्लाह! मुझे क्षमा कर दे, जो मैंने पहले किया और जो मैंने पीछे किया, और जो मैंने छिपा कर किया और जो मैंने दिखाकर किया,

और जो मैंने हद से बढ़कर किया, और जिसे तू मुझसे अधिक जानता है। तू ही आगे करने वाला और तू ही पीछे करने वाला है। तेरे सिवा कोई सच्चा पूज्य नहीं।”

(यह दुआ अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना धर्मसंगत है)

11

«اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنَ الْمَأْثَمِ، وَالْمَغْرَمِ»

"अल्लाहुम्मा इन्नी अऊज़ु बिका मिनल-मा'समि, वल-मग़्रमि"

"ऐ अल्लाह मैं तेरी पनाह माँगता हूँ गुनाह और क़र्ज़ (ऋण) से।"

(यह दुआ अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना धर्मसंगत है)

12

«اللَّهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الْجَنَّةَ، وَأَعُوذُ بِكَ مِنَ النَّارِ»

“अल्लाहुम्मा इन्नी अस्-अलुकल-जन्नता, व अऊज़ो बिका मिनन्नारि”

“ऐ अल्लाह! मैं तुझसे जन्नत माँगता हूँ और मैं जहन्नम से तेरी शरण लेता हूँ।”

(यह दुआ अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना धर्मसंगत है)

13

«اللَّهُمَّ إِنِّي أَعُوذُ بِكَ مِنْ الْبُخْلِ وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ الْجُبْنِ وَأَعُوذُ بِكَ أَنْ أُرَدَّ إِلَى أَرْذَلِ الْعُمُرِ وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ فِتْنَةِ الدُّنْيَا وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ»

अल्लाहुम्मा इन्नी अऊज़ो बिका मिनल-बुख़्लि, व अऊज़ो बिका मिनल-जुब्नि, व अऊज़ो बिका मिन् अन् उरद्दा इला अरज़लिल्-उमुरि, व अऊज़ो बिका मिन् फ़ित्नतिद्-दुन्या, व अऊज़ो बिका मिन् अज़ाबिल-क़ब्र

“ऐ अल्लाह! मैं कंजूसी से तेरी पनाह चाहता हूँ और मैं कायरता से तेरी पनाह चाहता हूँ और मैं इससे तेरी पनाह चाहता हूँ कि उम्र के सबसे

अपमानजनक हिस्से (बुढ़ापे) की ओर लौटाया जाऊँ, और मैं दुनिया के फ़ित्ने (परीक्षण) से तेरी पनाह चाहता हूँ और मैं तेरी पनाह चाहता हूँ क़ब्र की यातना से।"

(यह दुआ अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना धर्मसंगत है)

14

«اللَّهُمَّ إِنِّي ظَلَمْتُ نَفْسِي ظُلْمًا كَثِيرًا وَلَا يَغْفِرُ الذُّنُوبَ إِلَّا أَنْتَ، فَاغْفِرْ لِي مَغْفِرَةً مِنْ عِنْدِكَ، وَارْحَمْنِي إِنَّكَ أَنْتَ الْغَفُورُ الرَّحِيمُ»

“अल्लाहुम्मा इन्नी ज़लम्तु नफ्सी ज़ुल्मन कसीरन वला यग्फ़िरूज़्ज़ुनूबा इल्ला अन्त, फ़ग्फिर् ली मग्फि-रतन मिन् इंदिक, वर्-ह़म्नी, इन्नका अन्तल-ग़फूरुर्रह़ीम”

“ऐ अल्लाह मैंने अपनी जान पर बहुत ज़ुल्म किया और तेरे सिवा कोई दूसरा गुनाहों को माफ़ नही कर सकता। इसलिए मुझे अपने पास से क्षमा प्रदान कर और मुझ पर दया कर। निःसंदेह तू बहुत क्षमा करने वाला, अत्यंत दयालु है।”

(यह दुआ नमाज़ में पढ़ना धर्मसंगत है। इसलिए इसे सज्दे में या अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना चाहिए)

15

«اللَّهُمَّ حَاسِبْنِي حِسَابًا يَسِيرًا»

“अल्लाहुम्मा ह़ासिब्नी हिसाबन यसीरा”

“ऐ अल्लाह! मुझसे आसान (सरसरी) हिसाब ले।”

(यह दुआ नमाज़ में पढ़ना धर्मसंगत है। इसलिए इसे सज्दे में या अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना चाहिए)

16

«رَبِّ قِنِي عَذَابَكَ يَوْمَ تَبْعَثُ عِبَادَكَ»

रब्बि क़िनी अज़ाबका यौमा तब्असु इबादक्

“ऐ मेरे पालनहार! तू मुझे उस दिन अपनी यातना से बचा, जिस दिन तू अपने बंदों को उठाएगा।”

(यह दुआ नमाज़ में पढ़ना धर्मसंगत है। इसलिए इसे सज्दे में या अंतिम तशह्हुद में सलाम फेरने से पहले पढ़ना चाहिए)

صحيح الدعاء والثناء على الله تعالى

नबवी दुआएँ

अगला

पहले पृष्ठ पर वापस जाएँ

1

«اللَّهُمَّ رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً، وَفِي الآخِرَةِ حَسَنَةً، وَقِنَا عَذَابَ النَّارِ»

अल्लाहुम्मा रब्बना आतिना फ़िद्-दुन्या ह-स-नह्, व-फ़िल आख़िरति ह-स-नह्, व-क़िना अज़ाबन्नार

“ऐ अल्लाह हमारे पालनहार! हमें दुनिया में भलाई और आख़िरत में भी भलाई प्रदान कर और हमें जहन्नम की यातना से बचा।”

(नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम यह दुआ अधिक से अधिक पढ़ा करते थे)

2

«اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِي، وَارْحَمْنِي، وَاهْدِنِي، وَعَافِنِي، وَارْزُقْنِي»

अल्लाहुम्मग़-फिर् ली, वर्हम्नी, वह्दिनी, व-आफिनी, वर्ज़ुक़्नी

“ऐ अल्लाह! मुझे क्षमा कर दे, मुझपर दया कर, मुझे हिदायत दे, मुझे आफियत में रख और मुझे रोज़ी दे।”

(यह दुनिया और आख़िरत की भलाई के लिए एक व्यापक दुआ है।)

3

«اَللّٰهُمَّ اكْفِنِيْ بِحَلاَلِكَ عَنْ حَرَامِكَ
وَاَغْنِنِيْ بِفَضْلِكَ عَمَّنْ سِوَاكَ»

“अल्लाहुम्मक-फ़िनी बि-ह़लालिका अन् ह़रामिक, व-अग़्निनी बि-फ़ज़्लिका अम्मन सिवाक”

“ऐ अल्लाह मुझे हलाल प्रदान करके हराम से काफी हो जा और मुझे अपनी अनुकंपा प्रदान करके अपने सिवा अन्य से बेनियाज़ कर दे।”

(यह क़र्ज़ उतारने की दुआ है)

4

«اللَّهُمَّ مُصَرِّفَ الْقُلُوبِ صَرِّفْ قُلُوبَنَا عَلَى طَاعَتِكَ» «يَا مُقَلِّبَ الْقُلُوبِ ثَبِّتْ قَلْبِي عَلَى دِينِكَ»

"अल्लाहुम्मा मुसर्रिफ़ल-क़ुलूबि, सर्रिफ़् क़ुलूबना अला ताअतिका" "या मुक़ल्लिबल क़ुलूबि सब्बित क़ल्बी अला दीनिका"

"ऐ अल्लाह! दिलों का संचालन करने वाले, हमारे दिलों को अपनी आज्ञाकारिता पर स्थिर कर दे।" "ऐ दिलों के फेरने वाले! मेरे दिल को अपने दीन पर जमा दे।"

(यह सत्य पर दृढ़ता की दुआ है, और नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की अधिकांश दुआ यही होती थी)

5

«اللهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ مِنَ الْخَيْرِ كُلِّهِ عَاجِلِهِ وَآجِلِهِ، مَا عَلِمْتُ مِنْهُ وَمَا لَمْ أَعْلَمْ، وَأَعُوذُ بِكَ مِنَ الشَّرِّ كُلِّهِ، عَاجِلِهِ وَآجِلِهِ مَا عَلِمْتُ مِنْهُ، وَمَا لَمْ أَعْلَمْ، اللهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ مِنْ خَيْرِ مَا سَأَلَكَ عَبْدُكَ وَنَبِيُّكَ مُحَمَّدٌ ﷺ، وَأَعُوذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا عَاذَ مِنْهُ عَبْدُكَ وَنَبِيُّكَ، اللهُمَّ إِنِّي أَسْأَلُكَ الْجَنَّةَ وَمَا قَرَّبَ إِلَيْهَا مِنْ قَوْلٍ أَوْ عَمَلٍ، وَأَعُوذُ بِكَ مِنَ النَّارِ وَمَا قَرَّبَ إِلَيْهَا مِنْ قَوْلٍ أَوْ عَمَلٍ، وَأَسْأَلُكَ أَنْ تَجْعَلَ كُلَّ قَضَاءٍ تَقْضِيهِ لِي خَيْرًا»

“अल्लाहुम्मा इन्नी अस्-अलुका मिनल् ख़ैरि कुल्लिहि, आ'जिलिहि व आजिलिहि, मा अलिम्तु मिन्हु, वमा लम् आ'लम, व अऊज़ो बिका मिनश्-शर्रि कुल्लिहि, आ'जिलिहि व आजिलिहि, मा अलिम्तु मिन्हु, वमा लम् आ'लम, अल्लाहुम्मा इन्नी अस्-अलुका मिन् ख़ैरि मा स-अ-लका अब्दुका व नबिय्युका मुहम्मदुन सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम, व-अऊज़ो बिका मिन् शर्रि मा आज़ा मिन्हु अब्दुका व नबिय्युका, अल्लाहुम्मा इन्नी अस्-अलुका अल्-जन्नह वमा क़र्रबा इलैहा मिन् क़ौलिन औ अमल, व-अऊज़ो बिका मिनन्-नारि वमा क़र्रबा इलैहा मिन् क़ौलिन औ अमल, व अस्-अलुका अन् तज्अला कुल्ला क़ज़ाइन तक़ज़ीहे ली ख़ैरा”

“ऐ अल्लाह! मैं तुझसे लोक और परलोक की प्रत्येक भलाई माँगता हूँ, जो मुझे मालूम है और

जो मैं नहीं जानता हूँ। तथा मैं लोक और परलोक की प्रत्येक बुराई से तेरी शरण चाहता हूँ, जो मुझे मालूम है और जो मैं नहीं जानता हूँ। ऐ अल्लाह! मैं तुझसे उस भलाई का प्रश्न करता हूँ जो तेरे बंदे और पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने तुझसे माँगी है, और मैं उस बुराई से तेरी शरण चाहता हूँ जिससे तेरे दास और पैगंबर ने शरण माँगी है। ऐ अल्लाह! मैं तुझसे जन्नत और उससे क़रीब कर देनेवाले कथन और कर्म का सवाल करता हूँ, तथा मैं जहन्नम और उससे क़रीब कर देनेवाले कथन और कर्म से तेरी शरण चाहता हूँ। और मैं तुझसे प्रश्न करता हूँ कि हर वह चीज़ जिसका तू मेरे लिए फैसला करता है, उसे बेहतर बना दे।"

(यह व्यापक और परिपूर्ण दुआओं में से है)

6

«يَا حَيُّ يَا قَيُّومُ بِرَحْمَتِكَ أَسْتَغِيثُ، أَصْلِحْ لِي شَأْنِي كُلَّهُ، وَلَا تَكِلْنِي إِلَى نَفْسِي طَرْفَةَ عَيْنٍ»

"या ह़य्यु या क़य्यूमु बि-रह़मतिका अस्तग़ीसु, असलिह़् ली शा'नी कुल्लहू वला तकिल्नी इला नफ्सी तर्फता ऐन"

“ऐ परम जीवित सब कुछ थामने वाले! मैं तेरी ही दया से फरयाद करता हूँ, तू मेरे संपूर्ण काम सुधार दे और आँख झपकने के बराबर भी मुझे मेरे नफ़्स के हवाले न कर।”

(यह वेदना और चिंता की दुआ है।)

7

«اللَّهُمَّ إِنِّي عَبْدُكَ ابْنُ عَبْدِكَ ابْنُ أَمَتِكَ نَاصِيَتِي بِيَدِكَ مَاضٍ فِيَّ حُكْمُكَ عَدْلٌ فِيَّ قَضَاؤُكَ، أَسْأَلُكَ بِكُلِّ اسْمٍ هُوَ لَكَ سَمَّيْتَ بِهِ نَفْسَكَ أَوْ أَنْزَلْتَهُ فِي كِتَابِكَ أَوْ عَلَّمْتَهُ أَحَدًا مِنْ خَلْقِكَ أَوِ اسْتَأْثَرْتَ بِهِ فِي عِلْمِ الْغَيْبِ عِنْدَكَ أَنْ تَجْعَلَ الْقُرْآنَ رَبِيعَ قَلْبِي وَنُورَ بَصَرِي وَجِلَاءَ حُزْنِي وَذَهَابَ هَمِّي»

"अल्लाहुम्मा इन्नी अब्दुका, इब्नो अब्दिका, इब्नो अ-म-तिक, नासियती बि-यदिक, माज़िन फिय्या हुक्मुक, अद्लुन फिय्या क़ज़ाउक, अस्-अलुका बि-कुल्लिसमिन हुवा लक, सम्मैता बिहि नफ्सक, औ अंज़ल्तहु फी किताबिक,

औ अल्लम्तहु अ-ह-दन् मिन् खल्क़िक, अविस्ता´सर्ता बिहि फी इल्मिल ग़ैबि इन्दक, अन् तज्अ़लल् क़ुरआना रबीअ़ा क़ल्बी, व नूरा ब-स-री, व जलाआ हुज़्नी, व ज़हाबा हम्मी"

